# दृष्टिबाधितार्थ विभाग
# Department of Visual Impairment
## विशेष शिक्षा संकाय
## Faculty of Special Education
## डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
## Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow


पत्रांक : 831 /दृष्टिबाधितार्थ विभाग/डी.एस.एम.एन.आर.यू./2025–26 दिनांकः 06 ,नवम्बर, 2025

सेवा में,

प्रोफेसर प्रवीण कुमार तिवारी
केंद्रीय शिक्षा संस्थान (CIE),
दिल्ली विश्वविद्यालय, नई दिल्ली।

विषय: "भारतीय ज्ञान परम्परा" विषय पर व्याख्यान प्रदान करने हेतु सादर आमंत्रण।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि मौलाना अबुल कलाम आजाद के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में मनाए जाने वाले राष्ट्रीय शिक्षा दिवस (11 नवम्बर 2025) के अवसर पर, डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ के विशेष शिक्षा संकाय के अंतर्गत संचालित दृष्टिबाधितार्थ विभाग द्वारा एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम का विषय "भारतीय ज्ञान परम्परा" निर्धारित किया गया है। विभाग अत्यंत हर्ष एवं सम्मान का अनुभव करते हुए आपको इस अवसर परविशेष आमंत्रित वक्ता के रूप में आमंत्रित करता है। आपका विद्वतापूर्ण व्याख्यान विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक एवं लाभकारी सिद्ध होगा।

कार्यक्रम का विवरण निम्नानुसार है—

तिथि: 11 नवम्बर 2025 (मंगलवार)

समय:अपराह्न 2:00 बजे

माध्यम : ऑनलाइन गूगल मीट (https://meet.google.com/qmf-mygg-nkk)

अत: आपसे निवेदन है कि उक्त व्याख्यान हेतु अपनी कृपापूर्ण स्वीकृति प्रदान करें। आपकी गरिमामयी उपस्थिति हमारे लिए परम सम्मान एवं प्रेरणा का विषय होगी।

सादर,

**(डॉ0 आद्या शक्ति राय)**
विभागाध्यक्ष
दृष्टिबाधितार्थ विभाग
डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास
विश्वविद्यालय, लखनऊ
ई—मेल: asrail@dsmnru-ac-in
संपर्क:9005816361

प्रतिलिपि : निम्नालिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. कुलपति कार्यलाय को मा0 कुलपति महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. अधिष्ठाता शैक्षणिक।
3. अधिष्ठाता, विशेष शिक्षा।
4. निदेशक स्थायी आयोजन समिति।
5. कुलसचिव,विश्वविद्यालय।
6. सिस्टम एनालिस्ट को बेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।

AsRai 6/11/2025

**(डॉ0 आद्या शक्ति राय)**
विभागाध्यक्ष
दृष्टिबाधितार्थ विभाग

पत्रांक : /दृष्टिबाधितार्थ विभाग/डी.एस.एम.एन.आर.यू./2025–26 दिनांकः 06 ,नवम्बर, 2025